तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 8 जुलाई 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

11 प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का हुआ स्वागत,...


11 योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ...


## खबर संक्षेप



### पत्नी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** मचेवा में एक महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 6 जुलाई को ग्राम मचेवा की रितु देवांगन के साथ गाली गलौज करते हुए उसके हुलस देवांगन ने डंडे से मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने ग्राम कुटेला के तालाब पुलिया के पास एक आरोपी के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी शोभाराम मांझी पिता प्रेमलाल मांझी (36 साल) माधोपाली थाना सरायपाली के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### खट्टी में 16 को निकलेगी रथयात्रा

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली जाएगी। रथयात्रा गांव के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना के बाद रथयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के बाद प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा। श्री सत्यनारायण मंदिर के पुजारी सुभाष शर्मा तथा आयोजन समिति के करण, अर्जुन तिवारी, मोतीलाल तिवारी, खुशबू उपाध्याय और खुशी उपाध्याय ने सभी श्रद्धालुओं से रथयात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### शीतला मंदिर में माता पहुंचनी कल

**बागबाहरा।** शीतला मंदिर ढांगा डिपरा (थाना पारा) वार्ड नंबर 4 में 9 जुलाई गुरुवार को माता पहुंचनी का कार्यक्रम रखा गया है। समिति द्वारा ठंडाई एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। साथ ही माता मंदिर में जसगीत का कार्यक्रम होगा। समिति के संरक्षक व नगर पालिका बागबाहरा के उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू ने समस्त मोहल्लेवासी एवं नगरवासियों को मंदिर पहुंचकर मां शीतला का आशीर्वाद लेने का अनुरोध किया है।

## दुर्घटना : रेस्क्यू टीम ने जलस्तर कम होने के बाद किया सर्च

# गोपालपुर में एनीकट से एक किमी दूर मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मछली पकड़ने निकले 21 वर्षीय युवक की लाश मंगलवार को गोपालपुर एनीकट से 1 किमी दूर नाले की बहाव की ओर बरामद कर लिया गया है। बता दें कि सोमवार को युवक घर से निकलकर हाईवे 53 स्थित बालिका छात्रावास के पीछे मछली पकड़ रहा था, तेज बहाव में युवक बह गया था जिसे दूसरे दिन आज मंगलवार सुबह नगर सेना की रेस्क्यू टीम ने जलस्तर कम होने के बाद सर्च ऑपरेशन चलाकर युवक का शव घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर बरामद किया।

जानकारी के अनुसार ग्राम गोपालपुरा निवासी रामेश्वर निषाद पिता दसरू निषाद (21) सोमवार दोपहर लगभग दो बजे घर से मछली पकड़ने के लिए निकला था। वे नेशनल हाईवे-53 के पार स्थित बालिका छात्रावास के पीछे गोपालपुरा एनीकट पहुंचा। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण एनीकट में पानी का बहाव अत्यधिक तेज था। बताया जाता है कि रामेश्वर एनीकट पार कर दूसरी ओर जाने का प्रयास कर रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया और वह उफनती धारा में बह गया। घटना के समय एनीकट के दूसरी ओर मौजूद तीरथ निषाद ने रामेश्वर को बचाने लकड़ी का सहारा देकर प्रयास किया। लेकिन, तेज बहाव के आगे सभी कोशिशें बेकार साबित हुईं। कुछ ही पलों में रामेश्वर तेज बहाव में बह गया। जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को तत्काल सूचना दी गई। सूचना मिलते ही तुमगांव पुलिस व एएसआई टीकाराम सारथी के नेतृत्व में नगर सेना की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। लेकिन नदी में जलस्तर अधिक होने और पानी के तेज दबाव के कारण सुरक्षा कारणों से तत्काल खोज अभियान शुरू नहीं किया जा सका। आज सुबह एनीकट के गेट बंद कर जलस्तर कम किया गया। बाद नगर सेना की टीम ने पुनः सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब साढ़े नौ बजे एनीकट से लगभग एक किलोमीटर दूर युवक का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव भेज दिया।




### फरवरी में हुई थी शादी, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

रामेश्वर निषाद की असमय मौत से परिवार में गहरे सदमें में है। परिजनों के अनुसार उसकी शादी इसी वर्ष फरवरी में हुई थी। वह चार बहनों और तीन भाइयों के बड़े परिवार में छठे नंबर का सदस्य था। उसकी मौत की खबर मिलते ही नवविवाहिता पत्नी, माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में हर आंख नम है और शोक का माहौल है।

# गांजा तस्करी मामला, 4 फरार आरोपी मध्यप्रदेश से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने गांजा तस्करी मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। बता दें कि बीते दिनों कार से बौद्ध (ओडिशा) से जबलपुर (मप्र) गांजा की तस्करी कर रहे आरोपी पुलिस के पीछा करने पर पर फरार हो गए थे। इसके बाद पुलिस ने कार से 15 लाख कीमत का 30 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया था।



घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री एवं इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन, फायनेंशियल इन्वेस्टिगेशन पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके परिपालन में जिले में पुलिस के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच थाना कोमाखान के अपराध क्रमांक 74/26 धारा 20(बी)(II)(सी) 29 एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में गांजा से भरे वाहन को छोड़कर फरार दो परिवहनकर्ता के साथ साथ गांजा मंगाने वाला (डेस्टिनेशन पॉइंट) एवं जब्त वाहन के मालिक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार करने मे महासमुंद पुलिस को सफलता मिली है है। कोमाखान पुलिस को 19.05.2026 ने सूचना मिलने पर मारूति डिजायर कार (सोल्ड) को रोकना का प्रयास किया। लेकिन कार में सवार दो लोग तेज रफ्तार से भाग निकले। जब पुलिस ने पीछा किया तो आरोपियों ने कार को रेलवे क्रासिंग के पास अंडरब्रिज में छोड़कर चालक सहित दोनों आरोपी फरार हो गये। संदिग्ध कार की तलाशी लेने पर डिक्की में 30 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत 15,00,000 रुपे को बरामद किया गया। मामले की जांच के दौरान जब्त वाहन के मालिक के डिटेल के आधार पर फरार आरोपियों की पतासाजी के लिए टीम को जबलपुर (मध्यप्रदेश) रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा जब्त वाहन के मालिक के लोकेशन पर दबिश दी, जहां से वाहन स्वामी दुर्गेश चक्रवर्ती पिता नारायण चक्रवर्ती (25 साल) निवासी रामनगर थाना तिलवारा जिला जबलपुर (वाहन स्वामी) मौजूद था। मामले की जानकारी देने पर वाहन स्वामी की निशानदेही पर प्रकरण के आरोपी दोनों गांजा परिवहनकर्ता छोटू सिंग ठाकुर पिता भगत सिंग (30 साल) निवासी सांई नाला के पास राम नगर थाना तिलवारा जिला जबलपुर व राजेंद्र राज चौधरी पिता मुन्नालाल (38साल)निवासी गढ़वा फाटक थाना लार्डगंज जबलपुर को गिरफ्तार किया गया। दोनों गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे उक्त वाहन से संदीप गुप्ता पिता चंद्रिका प्रसाद (50 साल) निवासी मांडवा बस्ती रामपुर थाना गोरखपुर जिला जबलपुर के लिए गांजा लाने गए थे। जिनकी निशानदेही पर गांजा मंगाने वाले संदीप गुप्ता को भी गिरफ्तार किया गया।

# बॉड़ी बिल्डिंग के क्षेत्र में जगजीत आहूजा ने तीन पदक जीतकर स्थापित किया नया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

महासमुंद जिले के सरायपाली नगर के निवासी जगजीत आहूजा ने फिटनेस और बॉडीबिल्डिंग के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। बैंगलोर में आयोजित प्रतिष्ठित डब्ल्यूएनबीएफ (वर्ल्ड नेचुरल बॉडीबिल्डिंग फेडरेशन) इंडिया 2026 प्रतियोगिता में जगजीत आहूजा ने अपनी मेहनत और अनुशासन के दम पर तीन पदक जीतकर न केवल अपने शहर का, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम गौरवान्वित किया है। इस बड़ी प्रतियोगिता में जगजीत आहूजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है। क्योंकि, डब्ल्यूएनबीएफ जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की नेचुरल बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में इतनी बड़ी सफलता हासिल करने वाले वे महासमुंद जिले ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के पहले एथलीट बन गए हैं। सरायपाली जैसे छोटे शहर से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले जगजीत की यह जीत उन युवाओं के लिए एक बड़ी मिसाल है, जो खेल और फिटनेस के क्षेत्र में अपना भविष्य तलाश रहे हैं। बिना किसी शॉर्टकट के, पूर्णतः 'नेचुरल' बॉडीबिल्डिंग की राह चुनकर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और कठिन परिश्रम से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।



# एंबुलेंस की टक्कर से किसान गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर सुअरमार-पटपरपाली के पास सोमवार शाम हुए एक सड़क हादसे में करीब 58 वर्षीय किसान स्वामीलाल साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब वे अपने दो बैलों के साथ खेती-किसानी का काम पूरा कर घर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पीछे से आ रही एंबुलेंस क्रमांक सीजी 04 पीई 4384 ने किसान को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में उनके सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 मौके पर पहुंची और घायल किसान को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा भेजा गया।

मिली जानकारी के अनुसार हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। सैकड़ों ग्रामीणों ने एंबुलेंस चालक को रोक लिया। इस दौरान चालक के साथ कथित रूप से मारपीट किए जाने की भी सूचना है।



### एंबुलेंस में था युवक का शव

जानकारी के अनुसार, दुर्घटना करने वाली एंबुलेंस में एक युवक का शव रखा हुआ था। परिजनों ने बताया कि युवक की किडनी फेल होने के कारण रायपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। शव को अंतिम संस्कार के लिए रायपुर से ओडिशा ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ग्रामीणों को समझाने और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किय। साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

# पारधी गिरोह के 7 शातिर चोर गिरफ्तार, 12.46 लाख की संपत्ति बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

थाना सिंघोड़ा क्षेत्र में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए पारधी गिरोह के सात शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण, तीन मोटरसाइकिल सहित कुल 12 लाख 46 हजार रुपए की संपत्ति बरामद की है। मामले में चोरी का माल खरीदने वाले एक व्यक्ति की भी भूमिका सामने आई है। पुलिस के अनुसार 23 जून को ग्राम रूढ़ा निवासी हरिश्चंद्र पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 जून की रात अज्ञात चोर उनके घर में घुसकर अलमारी उठाकर खेत में ले गए और उसे तोड़कर उसमें रखी नकदी, सोने के आभूषण तथा चांदी के पायल चोरी कर फरार हो गए। शिकायत पर थाना सिंघोड़ा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज और अपराधियों के कार्य करने के तरीके (मोडस ऑपरेंडी) का अध्ययन किया। जांच में पता चला कि घटना से एक दिन पहले आरोपी ग्राम पैकिन में एक छठी कार्यक्रम में शामिल हुए थे। सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात स्वीकार करते हुए बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने के बाद उन्होंने आसपास के गांव में चोरी करने की योजना बनाई थी। रात में ग्राम रूढ़ा के एक मकान से अलमारी उठाकर खेत में ले जाकर उसमें रखी नकदी और आभूषण चोरी कर लिए। नकदी आपस में बांट ली गई, जबकि सोने के आभूषण रायपुर निवासी एक ज्वेलर्स को बेच दिए गए और चांदी के आभूषण अपने पास रख लिए।



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार जोड़ी चांदी के पायल, करीब 63.20 ग्राम सोना तथा घटना में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिल जब्त की है। बरामद संपत्ति की कुल कीमत 12 लाख 46 हजार रुपए आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने थाना आरंग क्षेत्र के ग्राम मुहमेला तथा सक्ती जिले के जैजेपुर थाना अंतर्गत ग्राम बहेराडीह में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। उन मामलों में भी पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। आरोपियों के खिलाफ पूर्व से भी आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज हैं। पुलिस ने सातों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस सफलता में तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज और पुलिस टीम की की त्वरित कार्रवाई की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शासकीय स्कूल के बच्चों को मिलेगा समान अवसर, कलेक्टर की विशेष पहल

# "लक्ष्य महासमुंद" से संवरेगा नौनिहालों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिला प्रशासन की अनूठी पहल नवोदय सैनिक और प्रयास स्कूलों में दाखिले के लिए बच्चों को मिलेगी मुफ्त कोचिंग

ग्रामीण अंचलों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के होनहार बच्चों के सपनों को उड़ान देने के लिए जिला प्रशासन ने एक बेहद संवेदनशील और सराहनीय कदम उठाया है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में जिले में "लक्ष्य महासमुंद" कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। इस विशेष अभियान के तहत जिले के शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले प्रतिभावान बच्चों को देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों जवाहर नवोदय विद्यालय, प्रयास आवासीय विद्यालय और सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा के लिए पूरी तरह निशुल्क कोचिंग कराई जाएगी।

अक्सर देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, लेकिन सही मार्गदर्शन, कोचिंग और संसाधनों के अभाव में वे नवोदय, सैनिक स्कूल या प्रयास जैसे बेहतरीन संस्थानों की चयन परीक्षा पास करने से चूक जाते हैं। निजी कोचिंग संस्थानों की फीस इतनी अधिक होती है कि गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार उसे वहन नहीं कर पाते। इसी खाई को पाटने और जिले के बच्चों का भविष्य संवारने के लिए "लक्ष्य महासमुंद" कार्यक्रम का खाका तैयार किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत कोचिंग का लाभ उठाने कक्षा पांचवीं और आठवीं के सभी बच्चों को लिया जाएगा, जिन्हें "लक्ष्य महासमुंद" के तहत अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने बताया कि चयनित बच्चों को प्रवेश परीक्षा के पैटर्न के आधार पर मानसिक योग्यता, गणित, भाषा और सामान्य ज्ञान की गहन तैयारी कराई जाएगी। इसके लिए समय-समय पर मॉक टेस्ट भी लिए जाएंगे ताकि बच्चे मुख्य परीक्षा के माहौल से परिचित हो सकें और उनका आत्मविश्वास बढ़ सके। "लक्ष्य महासमुंद" के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें "लक्ष्य महासमुंद" के क्रियान्वयन के संबंध में सभी मास्टर ट्रेनर्स को विस्तृत जानकारी देते हुए ब्लॉक के मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 13 जुलाई को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट महासमुंद में तथा 17 जुलाई को समस्त प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों का प्रशिक्षण सेक्टर में आयोजित किया जाएगा। "लक्ष्य महासमुंद" के तहत कोचिंग कक्षाओं का संचालन 20 जुलाई से प्रारंभ किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में डाइट प्राचार्य अरुण प्रधान, सहायक कार्यक्रम समन्वयक संपा बोस, सुबोध कुमार तिवारी, मास्टर ट्रेनर्स अमित उईके, भोजराज प्रधान, सुरेश साहू, दयासागर नायक, राजाराम पटेल, घनश्याम यादव एवं ओमप्रकाश साव उपस्थित रहे। सीईओ हेमंत नंदनवार ने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को तराशना हमारा मुख्य लक्ष्य है। इस कार्यक्रम के माध्यम से संसाधन की कमी वाले परिवार के बच्चों को हर संभव मदद और सर्वश्रेष्ठ कोचिंग उपलब्ध कराया जाएगा।



# बसना में एक ही दिन दो दुकानों में चोरी

**महासमुंद।** बसना में एक ही दिन दो दुकानों में चोरी होने का मामला सामने आया है। बसना थाने में दोनों मामलों में अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अजय अग्रवाल की मेन रोड बसना में श्री राधे कपडा बाजार का दुकान है। 06 जुलाई की सुबह करीब 08.45 बजे प्रार्थी को उसके भाई आकाश अग्रवाल ने फोन कर बताया कि दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ था और दुकान के गल्ले का लॉक टूटा हुआ था, जिसमें रखे 31500 रुपए नहीं थे। इसके अलावा अंडरगारमेंट्स तथा अन्य कुछ कपड़े कीमत 20000 रुपए नहीं थे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। इसी तरह मोबाइल शॉप संचालक मोहम्म1द शाहिद फुलारा की दुकान से भी 40 हजार रुपए नगद चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थी ने बताया कि जब 6 जुलाई की सुबह करीब 07.45 बजे उसे ताहिर फुलारा ने फोन कर बताया कि दुकान के शटर के ताले टूटे हुए हैं। जब उसने जाकर देखा तो गल्ले का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे करीबन 40000 रुपए नहीं थे। मामले में अज्ञात आरोपी के धारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### ढाबा में चोरी का प्रयास, चार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम केरामुंडा के आरके ढाबा में चोरी का प्रयास करने के आरोप में चार लोगों के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 30 जून को केरामुंडा स्थित आरके ढाबा के सेप्टिक टैंक के पास कुछ लोग पिकअप में जनरेटर, लोहे का प्लाउ नागर एवं जाली तार को लोड कर रहे थे। इस दौरान ढाबा का चौकीदार अमजद खान मनिहार और खेमराज साहू वहां पहुंचे तो वे आरोपी वहां से भाग गए। अमजद खान ने आरोपियों में से एक की पहचान ढाबा के पूर्व वेटर रामेश्वर अहिरे के रूप में की। पुलिस ने रिपोर्ट पर चार आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(5), 305(ए), 331(4), 62 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**रायपुर।** एकात्म परिसर में भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर उनको याद किया। जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने अपने स्वागत उद्बोधन में डॉ. मुखर्जी जी को जयंती में याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सम्मेलन में मुख्य रूप से रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, संभाग सहप्रभारी डॉ. राजीव सिंह एवं रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता शिवरतन शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, अमित साहू, संजय श्रीवास्तव, अमरजीत छाबड़ा, नंदकुमार साहू, वर्णिका शर्मा, डॉ. सलीम राज, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, मिर्जा एजाज बेग, सीमा साहू, गुंजन प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष ललित जयसिंग, अकबर अली, नवीन शर्मा सहित बड़ी संख्या मे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कुम्हारी टोल प्लाज़ा बंद होने का दावा झूठा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वन्दना राजपूत ने कुम्हारी टोल प्लाजा में अवैध वसूली को लेकर कहा, रायपुर सांसद ने जून 2026 को कुम्हारी टोल प्लाज़ा को बंद होने का दावा किया था। हर दावे की तरह यह दावा भी खोखला निकला। कुम्हारी टोल प्लाज़ा के बंद होने की ख़बर का ख़ूब प्रचार प्रसार किया गया था बकायदा मैं पोस्ट करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कुम्हारी टोल प्लाज़ा के बंद होने की घोषणा को लेकर प्रधानमंत्री एवं परिवहन मंत्री का आभार भी जताया गया था। अब तक तो जनता को झूठा आश्वासन देते थे, लेकिन अब भाजपा के सांसद को भी ठगा गया है या कोई मिलीभगत है। उन्होंने कहा, भाजपा की राजनीति अब केवल घोषणाओं, सोशल मीडिया पोस्ट और श्रेय लेने तक सीमित रह गई है। जनता जानना चाहती है कि जब टोल प्लाजा आज भी चालू है और लोगों से टोल वसूला जा रहा है। केवल भविष्य की घोषणा कर जनता को भ्रमित करना और उसका राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करना भाजपा की पुरानी आदत बन चुकी है।

# जनदर्शन कार्यक्रम में सरायपाली की समस्याओं पर सार्थक चर्चा, प्रभारी मंत्री ने दिया समाधान का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल से रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा महासमुंद के जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर एवं भाजपा मंडल केदुवां के मंडल महामंत्री सुरोतीलाल लकड़ा ने भेंटकर सरायपाली विधानसभा क्षेत्र की जनभावनाओं, जनसमस्याओं एवं विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, अधोसंरचना विकास तथा लंबित विकास कार्यों को शीघ्र गति प्रदान करने संबंधी विषयों को मंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा। इस दौरान मंत्री बघेल ने अत्यंत आत्मीयता, संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ सभी विषयों को सुना तथा जनहित में आवश्यक एवं सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अमित साहू की उपस्थिति ने जनसेवा एवं संगठनात्मक प्रतिबद्धता के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ बनाया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी दृष्टिकोण एवं संवेदनशील नेतृत्व में सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी तथा आमजन की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित होगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और जनहित के प्रति समर्पित सेवा, विकास एवं सुशासन ही संगठन और सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पखवाड़ेभर बाद भी बच्चों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध नहीं करा पाई भाजपा की साय सरकार: आलोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



छत्तीसगढ़ जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष व कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने सरकार पर स्कूली बच्चों की शिक्षा को लेकर संवेदनहीनता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 16 जून से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है और अब 15 दिन से अधिक का समय बीत गया है। लेकिन आज भी जिले सहित पूरे प्रदेश के अधिकांश प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों के हाथों में पाठ्यपुस्तकें नहीं पहुंच सकी हैं।

स्कूल तो खुल गए हैं, लेकिन पढ़ाई के सबसे जरूरी संसाधन के अभाव में कक्षाएं महज औपचारिकता बनकर रह गई हैं। इससे स्पष्ट हो गया है कि बच्चों की शिक्षा को लेकर भाजपा की साय सरकार प्रदेश में संवेदनशील नहीं है। सरकार और शिक्षा विभाग ने स्कूल शुरू होने से पहले यह दावा किया था कि सत्र शुरू होते ही सभी विद्यार्थियों को समय पर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करा दी जाएंगी। लेकिन, जमीनी हकीकत इसके ठीक विपरीत है। 16 जून को स्कूल खुलने के बाद से आज तक हजारों बच्चे एक दूसरे की किताबें मांगकर पढ़ रहे हैं। कहीं शिक्षक पुराने नोट्स से पढ़ा रहे हैं, तो कहीं सिर्फ ब्लैकबोर्ड के सहारे काम चलाया जा रहा है। जिस उम्र में बच्चों को व्यवस्थित पढ़ाई मिलनी चाहिए उस उम्र में उन्हें शासन के इस लचर व्यवस्था से जूझना पड़ रहा है।



# कलेक्टर ने राइस मिलर्स की बैठक लेकर 10 प्रतिशत ब्रोकन राइस जमा करने के दिए निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के राइस मिलर्स को 10 प्रतिशत ब्रोकन राइस जमा करने के संबंध में बैठक लेकर समीक्षा की। बैठक में मार्कफेड रायपुर के महाप्रबंधक कैलाश वर्मा, एफसीआई, नान, जिला विपणन अधिकारी, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं जिले के राइस मिलर्स संघ के अध्यक्ष नरेश जैन सहित अन्य मिलर्स उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि केंद्र सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली और कल्याणकारी योजनाओं के लिए चावल की गुणवत्ता के मानकों में बदलाव किया है। नई नीति के तहत, चावल मिलों से लिए जाने वाले कस्टम मिल्ड राइस में टूटे हुए दानों की अधिकतम सीमा 25 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दी गई है। मिलर्स के लिए मुख्य नियम ब्रोकन राइस पॉलिसी नया मानक (10 प्रतिशत ब्रोकन) चावल मिलों को अब भारतीय खाद्य निगम को केवल उच्च गुणवत्ता वाला चावल सप्लाई करना होगा। इस गुणवत्ता वाले चावल में टूटे हुए दानों (ब्रोकन राइस) की मात्रा 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। चरणबद्ध कार्यान्वयन, गुणवत्ता में सुधार और बेहतर अनाज वितरण सुनिश्चित करने के लिए, इस 10 प्रतिशत ब्रोकन चावल की नीति को लागू किया जा रहा है, जो 2027-28 तक सभी राज्यों में पूरी तरह से प्रभावी हो जाएगी। इस संबंध में जिले के राइस मिलर्स को निर्देशों के अनुपालन में चावल जमा करने के निर्देश दिए गए। विस्तृत चर्चा के पश्चात राइस मिलर्स 10 प्रतिशत चावल जमा करने के लिए सहमत हुए। ज्ञात है कि जिले में 65 हजार मीट्रिक टन ब्रोकन राइस जमा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# अवैधानिक वेतन कटौती से शिक्षकों में आक्रोश प्रतिनिधिमंडल ने की कलेक्टर से शिकायत



**महासमुंद।** गत अप्रैल माह में शासन के विभिन्न योजनाओं और परीक्षाओं का क्रियान्वयन में कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी के आदेश पर लगे शिक्षकों के ड्यूटी के दौरान संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर द्वारा आकस्मिक निरीक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा और सभी शिक्षकों को अनुपस्थित पाकर बिना किसी शासकीय प्रक्रिया एवं तानाशाही रवैया अपनाते हुए सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता और प्राचार्य पर एकतरफा कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई पर आक्रोशित होकर टेकराम सेन जिला संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी, ईश्वर चंद्राकर जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, अजय बंजारे ब्लॉक उपाध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षक संघों के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाक़ात कर इस कार्रवाई को तानाशाही रवैया बताया। चर्चा में कलेक्टर को बताया कि जितने लोगों के ऊपर कार्रवाई हुई है, सभी ड्यूटी में थे। इसमें से 15 शिक्षक व्यापम ब्रीफिंग, 05 शिक्षक जनगणना कार्य, 2 आकस्मिक अवकाश में और 1 केंद्रीयकृत परीक्षा के मूल्यांकन कार्य में टेबुलेशन में ड्यूटी लगा था। सभी जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग महासमुंद के आदेश पर ड्यूटी करने के बाद एक दिन का वेतन काटना और सेवा पुस्तिका में इंद्राज करने की कार्रवाई से संपूर्ण शिक्षक समुदाय में आक्रोशित है। कलेक्टर ने सभी बात को दस्तावेज के साथ अवलोकन के पश्चात उच्च अधिकारियों से इस पर बात कर निराकरण करने का आश्वासन दिया।

### हितग्राहियों को कार्ड का आईडी नंबर डालकर लगाना होगा फिंगर

**रायपुर।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत अब तक उचित मूल्य की दुकानों से ही हितग्राहियों को पीडीएस चावल का वितरण किया जाता है, लेकिन अब हितग्राहियों को सुविधा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में ग्रेन एटीएम सेंटर खोलने का निर्णय लिया है। इस एटीएम से रुपयों की जगह पीडीएस चावल निकलेगा। यह ग्रेन एटीएम भी बैंकों के एटीएम सेंटरों की तरह 24 घंटे खुले रहेंगे, जिससे हितग्राही अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी समय एटीएम सेंटर में जाकर चावल निकाल पाएगा। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एटीएम सेंटर के खुलने से उचित मूल्य की दुकानों में लगने वाली भीड़ कम होगी, जिससे हितग्राहियों के समय की बचत के साथ लाइन में लगना भी नहीं पड़ेगा।

# मुख्य अभियंता को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई







**महासमुंद।** जिले के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता हरिओम शर्मा को सेवानिवृत्ति पर समारोह पूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर पीएमजीएसवाय एवं आरईएस परिवार के सदस्यों ने इस क्षण को भावुक, गौरवशाली और अविस्मरणीय बना दिया। गरिमामयी विदाई समारोह में मिले सम्मान पर शर्मा ने कार्यपालन अभियंता द्वय आशीष कुलदीप एवं आनंद राम ध्रुव सहित समस्त स्टाफ और उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

# केंद्रीय विद्यालय के वेदांत ने अंडर- 14 राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में बनाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

जिले के होनहार क्रिकेट खिलाड़ी वेदांत ठाकुर जिन्होंने अपनी अथक मेहनत अद्भुत खेल कौशल व आत्मविश्वास के दम पर अंडर 14 राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में स्थान बनाकर सरायपाली ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। उनके चयन की खबर से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण है।

वेदांत ने पहले रायपुर में आयोजित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद 23 एवं 24 जून को नई दिल्ली में आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच अपने बेहतरीन प्रदर्शन से अलग पहचान बनाई। उनकी उत्कृष्ट बल्लेबाजी, प्रभावी गेंदबाजी और हरफनमौला खेल को देखते हुए उनका चयन अंडर-14 राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए किया गया। वर्तमान में वेदांत केंद्रीय विद्यालय सरायपाली में कक्षा 8वीं के छात्र हैं। उनकी माता कुसुम ठाकुर सरायपाली विकासखंड में शिक्षिका हैं, जबकि उनके पिता धर्मेंद्र ठाकुर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया के निज सहायक हैं।



वेदांत की सबसे बड़ी पहचान उनकी अनूठी प्रतिभा है। वे मूलतः बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर दाएं हाथ से भी उतनी ही सहजता और आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हैं। इतना ही नहीं, वे दोनों हाथों से गेंदबाजी करने में भी समान रूप से दक्ष हैं। क्रिकेट के हर विभाग में दोनों हाथों का समान कौशल रखने वाले ऐसे खिलाड़ी बेहद दुर्लभ होते हैं। यही विशेषता उन्हें भविष्य का एक अलग और संभावनाशील खिलाड़ी बनाती है। उनकी सफलता के पीछे वर्षों की कठिन साधना छिपी है। वे प्रतिदिन सुबह 4:30 बजे उठकर हाईस्कूल मैदान में नियमित अभ्यास करते हैं। विद्यालय की पढ़ाई पूरी करने के बाद फिर अभ्यास में जुट जाते हैं। मैदान उपलब्ध नहीं होने पर भी वे अपने कमरे में लगातार अभ्यास कर अपनी तकनीक को और बेहतर बनाते रहते हैं। खेल, पढ़ाई और अनुशासन के बीच उनका संतुलन हर युवा खिलाड़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

सरायपाली जैसे क्षेत्र में आधुनिक क्रिकेट सुविधाओं और उन्नत प्रशिक्षण संसाधनों के अभाव के बावजूद राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना वेदांत की अटूट लगन, संघर्ष और आत्मविश्वास का प्रमाण है। वे खेल के साथ-साथ पढ़ाई और सामान्य ज्ञान में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। वेदांत का परिवार अखिल विश्व गायत्री परिवार से जुड़ा हुआ है। परिवार का विश्वास है कि संस्कार, अनुशासन और नियमित साधना ने उनके व्यक्तित्व को मजबूत बनाया और सफलता की राह आसान की।

वेदांत ठाकुर की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, खेल प्रेमियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने हर्ष जताया है। सभी ने विश्वास जताया है कि यह होनहार खिलाड़ी आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर छत्तीसगढ़ और भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन करेगा।

# छत्तीसगढ़ में जमीन डायवर्सन शुल्क में मिलेगी 100 फीसदी तक की छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में औद्योगिक निवेश और लॉजिस्टिक्स अवसंरचना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भूमि उपयोग परिवर्तन (डायवर्सन) शुल्क में बड़ी राहत देने का फैसला किया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों से लेकर बड़े उद्योगों, निजी औद्योगिक पार्कों, लॉजिस्टिक हब और प्लग एंड प्ले औद्योगिक परियोजनाओं के लिए डायवर्सन शुल्क में 50 से 100 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया है। इसके साथ ही इस संबंध में 14 सितंबर 2022 को जारी आदेश निरस्त कर दिया गया है। औद्योगिक निवेश आकर्षित करने की पहलआदेश के अनुसार, राज्य की लागू औद्योगिक विकास नीति और लॉजिस्टिक्स नीति के तहत पात्र इकाइयों को निर्धारित शर्तों के अनुरूप यह रियायत मिलेगी। सरकार का उद्देश्य औद्योगिक परियोजनाओं की शुरुआती लागत कम करना और निजी निवेश को प्रोत्साहित करना है। आदेश के अनुसार पात्र सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को औद्योगिक प्रयोजन के लिए अधिकतम 15 एकड़ भूमि के डायवर्सन पर 50 प्रतिशत शुल्क छूट मिलेगी। पात्र बड़े उद्योगों को औद्योगिक अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए अधिकतम 50 एकड़ भूमि तक 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

# आईआईटी में शिक्षकों की क्लास, विशेषज्ञ बताएंगे- कैसी हो कौशल आधारित शिक्षा, 400 टीचर्स से ट्रेनिंग की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आईआईटी भिलाई द्वारा प्रदेश के शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। सोमवार से इसकी शुरुआत हुई। 400 शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करने 8 बैच निर्मित किए गए हैं। प्रत्येक बैच को तीन दिनों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस तरह से यह प्रशिक्षण लगभग एक माह चलेगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की शैक्षणिक क्षमताएं बढ़ाना है। समग्र शिक्षा के सहयोग से आईआईटी भिलाई के कैंपस में यह प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के जरिए विद्यालयी शिक्षकों की शिक्षण दक्षता में वृद्धि करना, कौशल-आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा मूल्यपरक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुदृढ़ करने की कोशिश की जाएगी।



### स्वावलंबन की दिशा में बढ़ें शिक्षक

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के निदेशक प्रो.राजीव प्रकाश ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं और समाज को दिशा देने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर हों, कौशल विकास पर विशेष ध्यान दें तथा विद्यार्थियों में उत्तम चरित्र और नैतिक मूल्यों के निर्माण के लिए सतत प्रयास करें। संयोजक डॉ. महबूब आलम ने अपने संबोधन में कहा, शिक्षक दीपक के समान होते हैं, जो स्वयं जलकर विद्यार्थियों के जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर करते हैं। वहीं डॉ. ध्रुव प्रताप सिंह ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि वे सदैव अपने शिक्षकों के योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण करते थे, जो शिक्षा के महत्व को दर्शाता है।

## जब्ती पत्रक के साथ जब्त सामान पर लगेगा बारकोड

# कोतवाली के बाद अब गुढ़ियारी थाने में बना ई-मालखाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



कोतवाली के बाद सोमवार को गुढ़ियारी थाने के माल खान को ई-मालखाना के रूप में तब्दील किया गया है। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले ने इसका शुभारंभ किया। पुलिस का दावा है कि नई व्यवस्था से जब्त सामान की निगरानी, रिकॉर्ड और ट्रैकिंग पहले की तुलना में अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित होगी।

ई-मालखाना का उद्घाटन करने के पहले इसका डेमो दिखाया गया। इसमें डिजिटल पंजीयन, बारकोड आधारित पहचान, रैकवार स्टोरेज और रिकॉर्ड ट्रैकिंग की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। इस मौके पर नार्थ डीसीपी मयंक गुर्जर, डीसीपी वेस्ट संदीप पटेल सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। डीसीपी मयंक गुर्जर ने बताया कि ई-मालखाना लागू करने से पहले थाने में रखे सभी जब्त सामान का भौतिक सत्यापन कराया गया।

इसके बाद मालखाने को वैज्ञानिक तरीके से रैकवार व्यवस्थित किया गया। सामान को ए-1, ए-2, बी-1, बी-2 जैसी श्रेणियों में रखा गया, ताकि जरूरत पड़ने पर उसकी लोकेशन तुरंत पता चल सके।

### जब्त सभी सामान पर बारकोड

जब्त सभी तरह के समान पर बारकोड लगाया गया है और उसका सॉफ्टवेयर के जरिए डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया गया है। इससे अब सामान जमा करने, निकालने और खोजने की प्रक्रिया तेज और आसान हो जाएगी। ई-मालखाना सिस्टम में हर जब्त सामान का पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा। इसी पूरे प्रोसेस को चेन ऑफ कस्टडी कहा जाता है, जो किसी भी केस में सबूत की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### तीन जगहों पर बारकोड टैग किया जा रहा

पुलिस अफसरों के अनुसार बारकोड तीन अलग-अलग जगहों पर लगाए जा रहे हैं। पहला जब्त माल पर इसके बाद जब्ती पत्रक और मालखाना रजिस्टर में। इसका मकसद जब्त सामान से जुड़ी हर जानकारी आपस में डिजिटल तरीके से लिंक रहे और किसी भी स्तर पर गड़बड़ी या भ्रम की स्थिति न हो।

## 'सहकारी सप्ताह' के समापन पर बोले अमित शाह- सहकारिता के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव

**रायपुर।** भारत सरकार द्वारा गठित 'सहकारिता मंत्रालय' की स्थापना के सफल 5 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सहकारी सप्ताह का समापन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में हुआ। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के उद्बोधन का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। उन्होंने सहकारिता के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलावों का जिक्र किया, जिनमें 50,000 पैक्स को ई-पैक्स में बदलना, त्रिभुवन सहकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना, दुनिया की सबसे बड़ी अन्न गोदाम श्रृंखला का निर्माण, सहकारी समितियों को कॉमन सर्विस सेंटर बनाना और देश भर में भारत टैक्सी सेवा की शुरुआत आदि कार्य शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकारिता एवं वन मंत्री केदार कश्यप उपस्थित रहे। उन्होंने बैंक परिसर में 'छत्तीसगढ़ महतारी' की प्रतिमा का गरिमामय अनावरण भी किया गया। बैंक की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास ने प्रगति प्रतिवेदन पढ़ते हुए बैंक की उपलब्धियों की जानकारी दी।

### स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता विकसित प्रदेश के लिए स्वस्थ छत्तीसगढ़ आवश्यक

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में 103 करोड़ से अधिक लागत के स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमिजूपन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वस्थ छत्तीसगढ़ ही विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेगा। राज्य में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने 200 सीटर के छात्रावास के साथ चिकित्सकीय स्टॉफ क्वार्टर और कैंसर विभाग के भवन को 6 मंजिला बनाने आधारशिला रखी। अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पिछली बार मेडिकल कॉलेज आने पर विद्यार्थियों ने छात्रावास निर्माण की मांग रखी थी, जिसे सरकार ने गंभीरता से लेते हुए आज उसके निर्माण की शुरुआत कर दी है। राज्य सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में जनता से किए गए अधिकांश वादों को पूरा किया है और मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारा है। डीएम कार्डियक कोर्स की स्वीकृति से लेकर अन्य स्वास्थ्य परियोजनाओं तक केंद्र सरकार ने हर मांग पर सकारात्मक सहयोग दिया है।

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, पिथौरा जिला-महासमंद (छग)**

**शपथ पत्र**

मैं मुकेश कुमार साहू पिता देवनाथ साहू उम्र 37 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम फरौदा थाना तेन्दुकोना तहसील पिथौरा जिला महासमुन्द छग शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त नाम व पता का निवासी हूं। मेरे पुत्र का सही नाम भेवेन्द्र कुमार पिता मुकेश कुमार है। जो कि समस्त शैक्षणिक रिकार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र मे दर्ज है। जो सही व सत्य है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड नं. 5561 8135 9619 मे पुत्र का नाम भूपेन्द्र कुमार साहू दर्ज हैं। जो कि भूपेन्द्र कुमार साहू त्रुटिपूर्ण नाम है। भेवेन्द्र कुमार एवं भूपेन्द्र कुमार साहू एक ही व्यक्ति का नाम है। वह व्यक्ति मेरा पुत्र है। मुरे पुत्र के उक्त आधार कार्ड मे नाम भूपेन्द्र कुमार साहू पिता मुकेश कुमार साहू के स्थान पर भेवेन्द्र कुमार नाम दर्ज किया जाने हेतू यह शपथपत्र गजट पेश करने के संबंध में प्रस्तुत है।

दिनांकः- 02 जुलाई, 2026

(नोटरी) शपथकर्ता

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, पिथौरा जिला-महासमंद (छग)**

**शपथ पत्र**

भरत लाल पटेल पिता अमृत लाल पटेल उम्र 38 वर्ष जाति अघरिया निवासी ग्राम कसहीबाहरा थाना व तहसील पिथौरा जिला महासमुन्द छग शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त नाम व पता का निवासी हूं। मेरा पुत्र का सही नाम डिगेश पटेल पिता भरत लाल पटेल है। जो कि समस्त शैक्षणिक रिकार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र मे दर्ज है। जो सही व सत्य है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड नं. 2229 9136 4176 मे पुत्र का नाम चुलेश पटेल दर्ज हैं, जो कि घरेलू नाम है। डिगेश पटेल एवं चुलेश पटेल एक ही व्यक्ति का नाम है। वह व्यक्ति मेरा पुत्र है। मेरे पुत्र के उक्त आधार कार्ड मे नाम चुलेश पटेल के स्थान पर डिगेश पटेल पिता भरत लाल पटेल नाम दर्ज किया जाने हेतू यह शपथपत्र गजट पेश करने के संबंध में प्रस्तुत है।

दिनांकः- 02 जुलाई, 2026

(नोटरी) शपथकर्ता

## खबर संक्षेप



### खरोरा सोसायटी में मनाया चावल उत्सव

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में 7 जुलाई को चावल उत्सव मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाना है। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सतर्कता समिति के सदस्यों और सेल्समैन सपना रजक व समेत हितग्राहीगण मौजूद रहे। बता दें कि इस महीना 7 जुलाई को चावल मनाया गया। राशन कार्डधारी परिवारों को बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण अंगूठा लगाकर जुलाई महीना का चावल वितरित किया जा रहे हैं।

### 90 विधानसभा क्षेत्र में राज्यव्यापी अभियान चलाएगी आप: संजय



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी ने नकटी गांव में हुई बुलडोजर कार्यवाही को गरीब किसान और आम नागरिकों के सम्मान के सम्मान पर सीधा हमला बताया है। आम आदमी पार्टी ने घोषणा की है कि बुधवार 8 जुलाई को प्रदेश की सभी 90 विधानसभा क्षेत्र में एक साथ प्रदेशव्यापी अभियान चलाएगा। इस अभियान के तहत प्रत्येक विधानसभा में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संबंधित विधायक से मुलाकात कर उनसे लिखित सहमति पत्र प्राप्त करने का प्रयास करेगा कि वे गरीबों की जमीन और उजड़े हुए आशियानों पर बनने वाले प्रस्तावित विधायक निवास को स्वीकार नहीं करेंगे।

## निधन

### आशीष दुबे



**महासमुंद।** शहर के हाउसिंग बोर्ड निवासी एवं वर्तमान निवासी आशीष दुबे का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 7 जुलाई को रायपुर स्थित महादेव घाट में हुआ। आशीष शिक्षाविद दिवंगत अदालत प्रसाद दुबे व गीता दुबे के ज्येष्ठ पुत्र, बलदेव दुबे तथा राधेकृष्ण (राजू) दुबे के भाई, शालिनी दुबे के पति व धैर्य दुबे के पिता थे।

### नारायण चंद्राकर



**बिरकोनी।** स्थानीय निवासी नारायण चंद्राकर (77) का रविवार को देहांत हो गया। अंतिम संस्कार प्रातः 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित समाजिकजन शामिल हुए। वे केशव चंद्राकर के चाचा व शैलेंद्र चंद्राकर के नाना थे।

# प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का हुआ स्वागत, शिक्षा और नशामुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नए शिक्षण सत्र 2026-27 की शुरुआत पर विकासखंड बागबाहरा के ग्राम पंचायत बोकरामुड़ा खुर्द अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मड़ियापारा में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला बोकरामुड़ाखुर्द, प्राथमिक शाला मड़ियापारा तथा प्राथमिक शाला कण्डीझर के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, पालकों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर रहे। अध्यक्षता जनपद पंचायत बागबाहरा के उपाध्यक्ष तरूण व्यवहार ने की। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच संघ अध्यक्ष एडीसन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश यादव, जनपद सदस्य मंगलू ठाकुर, मुबारक खान, ग्राम पंचायत बोकरामुड़ा खुर्द के सरपंच गौतम मांझी, ग्राम पंचायत बोकरामुड़ा कला की सरपंच कौशिल्या पवन ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भोजराम मांझी, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पूजा अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान तथा छत्तीसगढ़ राजगीत का गायन किया। विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों पर उपस्थित अतिथियों और



ग्रामीणों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि केशव नायक राम चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही आने वाले समय में समाज और देश की दिशा तय करेंगे, इसलिए प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वह अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजे और उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दे। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनका लाभ प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित न रहें, बल्कि बच्चों में संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्य और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करें। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन को सफलता की कुंजी बताते हुए बड़े लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। सभी लोगों को नशे से दूर रहकर शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए।

कार्यक्रम को जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और पालकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से ही ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। शिक्षकों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का आग्रह किया गया। पश्चात अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर, पुष्पवर्षा कर तथा अध्ययन सामग्री वितरित कर आत्मीय स्वागत किया। बच्चों का तिलक लगाकर विद्यालय में प्रवेश कराया गया। इस दौरान बच्चों और उनके अभिभावकों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया।

कार्यक्रम में संकुल समन्वयक मेघराज साहू सहित शिक्षक खेमराज चंद्राकर, डोमार दास वैष्णव, हेमूराम दीवान, उपेन्द्र ध्रुव, जनक राम ध्रुव, मोहित चंद्राकर, नंद कुमार साहू, अपूर्व सुमन सिंह, संतोष ध्रुव तथा लोचन सिंह साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, पालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खेमराज चंद्राकर ने किया। प्रवेश उत्सव का यह आयोजन न केवल नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत का अवसर बना, बल्कि शिक्षा के प्रति जनजागरूकता, विद्यालय से जुड़ाव और नशामुक्त समाज के निर्माण का प्रभावी संदेश भी देकर क्षेत्रवासियों के लिए प्रेरणादायी साबित हुआ।

## बैठक : समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की विभिन्न कार्यों की समीक्षा

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आयोजित समय-

### संभावित बारिश को देखते हुए मैदानी अमले को अलर्ट रहने के निर्देश

सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को वर्षा ऋतु के दौरान सतर्कता बरतने और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ एवं जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि वर्षा को ध्यान में रखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें। बाढ़ नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए हैं। नदी-नालों, पुराने पुल-पुलियों और जलभराव वाले क्षेत्रों में सुरक्षा के समुचित इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग



को पेयजल स्त्रोतों का नियमित क्लोरीनेशन एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को वर्षा ऋतु में संभावित डायरिया एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक दवाइयों, मेडिकल टीमों एवं स्वास्थ्य शिविरों की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने को कहा।

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित संचालन सुनिश्चित करते हुए कुपोषित बच्चों की पहचान, उपचार एवं पोषण पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया जाए। आंगनवाड़ी केंद्रों को कुपोषण मुक्त करने के लिए बच्चों को गोद लेने के निर्देश दिए गए। इस कड़ी में 227 आंगनवाड़ी केंद्रों को चिन्हांकित किया गया है, जिसे आगामी 3 माह में कुपोषण मुक्त किया जाएगा। बैठक में सीएम हेल्पलाइन 1076 के प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान जानकारी देते हुए बताया कि सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत जिले में अब तक 2832 आवेदन प्राप्त हुए है। एल 1 स्तर पर 834 आवेदनों का निराकरण किया गया है। जिसमें नागरिकों का फीडबैक शेष है। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। सभी विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से पोर्टल में लॉगिन कर लंबित शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर लंगेह ने किसानों को खरीफ सीजन में शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार किसानों को यूरिया का आवश्यकतानुसार एकमुश्त मात्रा में प्रदान किया जाए, शेष खाद निर्देशानुसार प्रदान करें। उन्होंने कहा कि किसानों को समसामयिक सलाह देते रहें। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत शेष किसानों एवं वनाधिकार पट्टा धारकों का एग्रीस्टैक पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले को विशेष ध्यान देते हुए शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने कहा।

कलेक्टर ने प्राकृतिक खेती, जैविक खेती तथा हरी खाद के उपयोग को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करने को कहा। साथ ही कृषक उन्नति योजना के तहत धान के बदले अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग के प्रति जागरूक करने तथा यूरिया एवं डीएपी के संतुलित उपयोग के साथ नैनो यूरिया एवं प्राकृतिक खाद के उपयोग को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्कूल, आंगनवाड़ी, छात्रावास एवं शासकीय जर्जर भवनों का मरम्मत कराने के निर्देश दिए एवं आवश्यकता पड़ने पर विद्यार्थियों को अन्य भवनों में शिफ्ट कराने कहा गया।

कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार सभी विभागों को ई-ऑफिस एवं ई-फाइल प्रणाली का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा है। बैठक में राजस्व विभाग को सतत नक्शा अपडेशन के निर्देश दिए। साथ ही सेवा सेतु पोर्टल, नक्शा बटांकन, सीमांकन, नामांकन, मुख्यमंत्री घोषणाओं, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, पेयजल व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जन शिकायतों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित



**महासमुंद।** प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. आई नागेश्वर राव, जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला, जिला सूचना अधिकारी एनआईसी देवेंद्र साहू, जिले के सभी शासकीय एवं निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि, यातायात पुलिस के डीएसपी, पुलिस अधिकारी, डीआरएम ई-डीएआर सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं एवं अन्य पात्र मामलों में पीड़ितों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराने के लिए सभी विभागों के बीच प्रभावी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने से लेकर उपचार, दस्तावेजों के संधारण, ऑनलाइन प्रविष्टि तथा दावा प्रक्रिया तक प्रत्येक स्तर पर निर्धारित समय-सीमा का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राहत मिल सके। प्रशिक्षण के दौरान परिवहन विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राहत योजना के विभिन्न प्रावधानों, पात्रता, दावा प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन पोर्टल संचालन तथा ई-डीएआर (इलेक्ट्रॉनिक डिटेल्स एक्सीडेंट रिपोर्ट) प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों को बताया गया कि सड़क दुर्घटना से संबंधित मामलों में पुलिस, अस्पताल, परिवहन विभाग, बीमा कंपनियों एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के बीच डिजिटल समन्वय स्थापित कर पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करना इस प्रणाली का प्रमुख उद्देश्य है। बैठक में सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, समयबद्ध जानकारी साझा करने तथा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने कहा गया।

# झलप में सिद्धार्थ ध्यान योग का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समर्थगुरु धारा के अंतर्गत आयोजित सिद्धार्थ ध्यान योग शिविर का आयोजन झलप में 3 से 5 जुलाई तक किया गया। जिसमें नवीन 22 तथा रिपीटर 20 साधकों ने भाग लिया। उन्होंने योग शिविर में ध्यान की बारीकियां का ज्ञान प्राप्त किया। योग शिविर में आचार्य संतोष चंद्रा ने बुद्ध की अष्टांगी मार्ग की चर्चा कर उनके द्वारा प्रतिपादित विभिन्न नियमों का ज्ञान प्रदान कर नाद की दीक्षा प्रदान किया। आचार्य मां रितु ने अष्टांगिक मार्ग पर अपनी व्याख्यान प्रस्तुत किया। आचार्य देवगीत ने ध्यान की



विधि पर चर्चा किया। आचार्य वंदना सिंह ने ध्यान तथा चक्रमण सुमिरन की विधि पर चर्चा कर साधकों की जिज्ञासा शांत किया। सत्र से संबंधित प्रश्नोत्तर का उत्तर आचार्य ने अपने सत्र में देकर सभी की शंकाएं का समाधान किया। आयोजक समिति में जितेंद्र चंद्राकर, हितेश्वर पटेल एवं अनिल वर्मा ने आचार्य तथा साधकों का आभार व्यक्त किया तथा आगे भी शिविर का आयोजन करने के लिए उन्होंने घोषणा कर ज्यादा ज्यादा साधकों को अध्यात्म का ज्ञान और ध्यान के द्वारा साधकों लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम के अंतिम दिन सभी आचार्यों का सम्मान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## स्वच्छता अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत नगर पालिका की सतत कार्रवाई

**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद महासमुंद द्वारा स्वच्छता अपनाओ–बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत नगर के सभी वार्डों में निरंतर स्वच्छता संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत नालियों की नियमित सफाई, जलभराव वाले क्षेत्रों की विशेष साफ-सफाई, कचरा एवं गाद हटाने, जल निकासी की व्यवस्था सुधारने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने बताया है कि स्वच्छता अमला प्रतिदिन विभिन्न



वार्डों का भ्रमण कर आवश्यकतानुसार सफाई कार्य संपादित कर रहा है। साथ ही नागरिकों को घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखने, नालियों में कचरा नहीं डालने, जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होने देने तथा डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें तथा अपने क्षेत्र में सफाई संबंधी किसी भी समस्या की जानकारी नगर पालिका को दें। ताकि, त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। नागरिकों के सहयोग से ही स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर महासमुंद का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# श्रम विभाग की योजना के तहत हितग्राही को मिली ई-रिक्शा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मंगलवार को विधायक कार्यालय में श्रम विभाग की जनकल्याणकारी योजना दीदी ई-रिक्शा सहायता के अंतर्गत ग्राम खरोरा निवासी राजकुमारी कुर्रे पति राजकुमार कुर्रे को आजीविका सशक्तिकरण के लिए ई-रिक्शा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने इनके उज्ज्वल भविष्य और सफल स्वरोजगार की कामना की।

ग्राम खरोरा निवासी राजकुमारी कुर्रे ने बताया कि वह मजदूर वर्ग से आती हैं और उनका पंजीयन श्रम विभाग में था। उन्हें इस योजना की जानकारी मिली तो उन्होंने इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म भरा और विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की अनुशंसा पर उन्हें आज ई-रिक्शा मिल गया है। इस अवसर पर



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों और असंगठित कर्मकारों को ई-रिक्शा खरीदने के लिए सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस योजना के माध्यम से स्व रोजगार प्रदान किया जा रहा है। आगे कहा कि हमारी केंद्र एवं राज्य सरकार श्रमिक परिवारों के आर्थिक उत्थान एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। ई-रिक्शा जैसे स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराकर हितग्राहियों को सम्मानपूर्वक आजीविका अर्जित करने का अवसर मिल रहा है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। हितग्राही राजकुमारी कुर्रे ने इस महत्वपूर्ण सहयोग के लिए राज्य शासन एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेतागण गोविंद ठाकुर, रेखा बेहरा, हनीश बग्गा, दिनेश रूपरेला, शरद मराठा, रामेश्वर पटवा, नईम खान, गुड्डा सिन्हा आदि मौजूद रहे।



## हरिभूमि-आईएनएच टीम




जिला मुख्यालय में आयोजित जिला संवाद 2026 के दौरान जिले भर के हरिभूमि और INH संवादताताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम के सफल संचालन के साथ कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ संजय वनवासी आईएनएच हरिभूमि-रायपुर बिजनेस हेड, रत्नेश सोनी ब्यूरो प्रमुख हरिभूमि-महासमुंद, राहुल भोई संवाददाता आईएनएच, मनहरण सोनवानी संवाददाता आईएनएच।





# महासमुंद में हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद

**महासमुंद। हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद 2026 कार्यक्रम रविवार को बागबाहरा मार्ग स्थित अंबेडकर भवन में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी विशेष तौर पर जिले भर के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से रू-ब-रू हुए।**

### प्रथम सत्र



**प्रथम सत्र** की शुरुआत नागरिकों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से हुई। जिसमें सबसे पहले पारस चोपड़ा अध्यक्ष राइस मिलर्स एसोसिएशन, डॉ. एचबी कालीकोटी अध्यक्ष इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, युवा उद्यमी मिलिंद चंद्राकर एवं आरंभ पब्लिक स्कूल के संचालक मिलिंद चंद्राकर व जितेंद्र चंद्राकर बिरकोनी इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन से बातचीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिन्होनें जिले में व्यापार, शिक्षा, राइस मिल उद्योग सहित स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, उनके समाधान और संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी।

### द्वितीय सत्र



**द्वितीय सत्र** में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर, पर्यटन मंडल के पूर्व सदस्य अंकित बागबाहरा एवं नगर पालिका के अध्यक्ष निखिलकांत साहू से हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने विस्तृत चर्चा की।

### तृतीय सत्र



**तृतीय सत्र** में जिले के प्रशासनिक मुखिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह तथा जिला पुलिस की ओर से एएसपी प्रतिभा पाण्डेय ने जिले की प्रशासनिक व्यवस्था, कार्रवाई और मैदानी अमले की स्थिति की जानकारी दी।

### चौथा सत्र



**चौथे सत्र** के दौरान चर्चा में जिले के चारों विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, डॉ. संपत अग्रवाल, द्वारिकाधीष यादव एवं चातुरी नंद के साथ पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर शामिल हुए।

### पांचवां सत्र



**पांचवे सत्र** के दौरान बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, इंद्रजीत सिंह गोल्डी राज्य आयुक्त, स्काउट गाईड छत्तीसगढ़, अमरजीत चावला पूर्व प्रभारी महामंत्री, प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिले की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर शामिल रही।

### अंतिम सत्र



**अंतिम सत्र** में जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल एवं सांसद रुपकुमारी चौधरी की मौजूदगी रही।





जिला मुख्यालय आगमन पर हरिभूमि एवं आईएनएच के संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का भव्य स्वागत हुआ। भोजन आमंत्रण पर विधायक योगेश्वर राजू सिंहा के निवास पहुंचे श्री द्विवेदी का श्रीमती प्रिया योगेश्वर सिंहा द्वारा तिलक वंदन और आरती के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान शहर एवं आसपास के क्षेत्र से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने भी उनका स्वागत किया।

# आत्मनिर्भरता की दिशा में दलहन फसलों का रकबा बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में कृषि को अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से किसानों से खरीफ मौसम में दलहन फसलों का रकबा बढ़ाने की अपील की गई है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार लगातार धान की खेती करने से मृदा में पोषक तत्वों का असंतुलन, कार्बनिक पदार्थों की कमी तथा जल की अत्यधिक खपत जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। ऐसी स्थिति में फसल विविधीकरण अपनाते हुए धान के उच्चहन स्थान पर उपयुक्त क्षेत्रों में अरहर, उड़द, मूंग एवं अन्य दलहन फसलों की खेती किसानों के लिए अधिक लाभकारी सिद्ध हो सकती है।

दलहन फसलें वातावरण की नाइट्रोजन को जैविक रूप से स्थिर कर मिट्टी में उपलब्ध कराती हैं, जिससे अगली फसल के लिए 30 से 60 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तक नत्रजन की बचत हो सकती है। इसके परिणामस्वरूप रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है, मृदा की उर्वराशक्ति बढ़ती है तथा उत्पादन लागत में कमी आती है। साथ ही दलहन फसलों के अवशेष मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ बढ़ाकर उसकी संरचना, जलधारण क्षमता एवं सूक्ष्मजीवों की सक्रियता में सुधार करते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दलहन फसलों की बुवाई के समय राइजोबियम, फास्फेट घुलनशील जीवाणु की मात्रा 1 मि.ग्रा. प्रति किलोग्राम बीज से जैव उर्वरकों एवं जैव फफूंद नाशी ट्राइकोडर्मा का 5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज से बीजोपचार करने की सलाह दी जाती है। जैव उर्वरकों के उपयोग से पौधों की जड़ों का विकास बेहतर होता है, पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ती है, फसल की वृद्धि अच्छी होती है तथा रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता कम होती है। इससे मृदा स्वास्थ्य में सुधार होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। किसानों को यह भी सलाह दी गई है कि वे संतुलित उर्वरक प्रबंधन, मृदा परीक्षण के आधार पर पोषक तत्वों का उपयोग, फसल चक्र तथा जैव उर्वरकों को अपनाकर दीर्घकालीन उत्पादकता बनाए रखें। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से अपील की है कि जहां संभव हो वहां कम उत्पादक अथवा वर्षा पर निर्भर धान क्षेत्र के स्थान पर अरहर, उड़द, मूंग एवं अन्य उपयुक्त दलहनी फसलों की खेती अपनाएं। इससे उत्पादन लागत में कमी आएगी तथा बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

वर्तमान मौसम में खरपतवार एवं कीट-रोग प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है। बुवाई के लगभग 20-25 दिन बाद पहली निराई-गुड़ाई कर खेत को खरपतवार मुक्त रखें। खेत का नियमित निरीक्षण करें तथा चूसक कीटों अथवा इल्ली का प्रकोप दिखाई देने पर कृषि वैज्ञानिकों की अनुशंसा के अनुसार समेकित कीट प्रबंधन अपनाएं। अनावश्यक रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग से बचना चाहिए। दलहनी फसलों का सबसे बड़ा लाभ यह है कि ये मिट्टी में प्राकृतिक रूप से नाइट्रोजन जोड़ती हैं। सामान्यतः दलहनी फसलें 40-100 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तक जैविक नाइट्रोजन स्थिर कर सकती हैं, जिसका लाभ अगली फसल को भी मिलता है। इसके साथ ही मिट्टी में जैविक पदार्थ बढ़ता है।





## उत्कृष्ट समाजसेवियों का हुआ सम्मान



### श्री गोविंद कमला गौधाम-पिथौरा

अध्यक्ष-मनीष अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा गौंवशों की शरण स्थली और उपचार केंद्र का संचालन किया जाता है। पिथौरा स्थित गौशाला, जहां दूध नही होता और खरीदी-बिक्री नही होती। सामूहिक सहभागिता से संचालित गौशाला में आरंग, बलौदा बाजार और अन्य जिलों से भी आने वाली घायल गौवंशों का निजी चिकित्सक ब्रांडेड दवाओं से ईलाज करते हैं। अनवरत सेवा करते हुए लेते जनसेवा की मिसाल कायम की है।



### फॉर्च्यून फाउंडेशन-बागबाहरा

अध्यक्ष - निरंजन साहू एवं उनकी टीम द्वारा नेत्रहीन विद्यालय एवं रहवासी परिसर का संचालन करते हुए दृष्टिबाधित छात्रों के लिए सर्वसुविधायुक्त स्कूल और सुविधाएँ प्रदान की जा रही है। जहां के छात्रों ने पैरालंपिक में अतंर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले और अपनी संस्था का नाम रौशन किया।



### उन्नयन जन विकास समिति, महासमुंद

अध्यक्ष - श्रीमती प्रेमशीला बघेल एवं उनकी टीम द्वारा महिला स्व सहायता समूह का संचालन एवं इसके माध्यम से महिलाओं को सशक्त और आर्थिक रुप से सक्षम बनाने ₹मां की रोटी₹ रसोई का संचालन किया जाता है। जिससे प्राप्त आय से समूह की महिलाएं अपने परिवार का पालन पोषण करने में सक्षम हुई।



### माता कौशल्या वेलफेयर फाउंडेशन, महासमुंद

अध्यक्ष - श्रीमती उषा साहू एवं उनकी टीम द्वारा वृध्दजन सेवा सदन की शुरुआत की गई। जहां बेसहारा बुजुर्गों को भोजन, स्वास्थ्य एवं आवास की निःशुल्क सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। संस्था द्वारा वर्तमान में दी जा रही सेवा पूर्णतः निशुल्क है और और सामूहिक सहभागिता से संचालित है। उक्त संस्था निःस्वार्थ सेवा ही संकल्प के सूत्र वाक्य के साथ समाज सेवा की दिशा में बीते दो साल से कार्यरत हैं।



### मुक्तिधाम सेवा समिति - महासमुंद

अध्यक्ष, राजू चंद्राकर एवं उनकी टीम पिछले 17 वर्षों से कार्यरत यह स्वयं सेवी संस्था लावारिश लाशों के अंतिम संस्कार की दिशा में कार्य करती आ रही है। इन 17 वर्षों में तकरीबन 1024 लाशों का अंतिम संस्कार किया गया। समय समय पर वस्त्रदान एवं वृद्धाश्रम में पितृ पक्ष के दौरान बेसहारा दिवंगतों के लिए वार्षिक श्राद्ध का आयोजन किया जाता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर,
19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411